lucknow.amarujala.com
लखनऊ
MY City
19 दिसंबर 2017
मंगलवार
दीक्षांत समारोह... पेज-08
दीक्षांत समारोह... पेज-08



अमर उजाला
MY City lucknow.amarujala.com
V
लखनऊ
दिसंबर 19, 2017
मंगलवार
अमर उजाला

# हवा से चलने वाली बाइक बेस्ट इनोवेशन

**अमर उजाला ब्यूरो**

लखनऊ।

पर्यावरण वैज्ञानिक और एसएमएस कॉलेज के महानिदेशक प्रो. भरत राज सिंह और उनकी टीम की बनाई हवा से चलने वाली बाइक को इनोवेशन केटेगरी में प्रथम पुरस्कार मिला है। बीबीएयू में आयोजित तीन दिवसीय इनोवेशन प्रदर्शनी में आए इनोवेटर्स की बनाई वस्तुओं में से इसे चुना गया। खुद राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी इस प्रदर्शनी को देखने पहुंचे थे। उन्होंने भी हवा से चलने वाली बाइक के आइडिया और इसे बनाने वालों की तारीफ की।

प्रो. सिंह ने बताया कि बीबीएयू में 16 दिसंबर को पूरे यूपी से 60 से अधिक इनोवेशन की प्रदर्शनी का उद्‌घाटन राष्ट्रपति ने किया था। इसमें एसएमएस कॉलेज की तरफ से चार इनोवेशन प्रदर्शनी में रखे गए। इनमें हवा से चलने वाली बाइक का संशोधित मॉडल, सोलर साइकिल का उन्नत मॉडल, साइकिल के पैडल से चलने वाली वॉशिंग मशीन और भारत सरकार के स्वच्छता अभियान के तहत कूड़ा उठाने के लिए रोबोटिक मशीन को छात्रों ने प्रदर्शित किया। डॉ. सिंह ने बताया कि राष्ट्रपति हवा से चलने वाली बाइक के मॉडल से काफी प्रभावित दिखे। यह बाइक उनकी देखरेख में छात्र विवेक मिश्रा ने तैयार की है। इस बाइक से पांच रुपए की हवा में 30 किमी तक की दूरी तय की जा सकती है। इसके बाद बीबीएयू के निर्णायक मंडल ने भी एयर ओ बाइक को सबसे बेहतर इनोवेशन के लिए चुना। यूनीवर्सिटी की तरफ से प्रथम पुरस्कार के साथ 10,000 रुपए के नगद पुरस्कार से भी सम्मानित किया। बीबीएयू के वीसी प्रो. आरसी सोबती ने भी शुभकामनाएं दी हैं।



बीबीएयू इनोवेशन प्रदर्शनी में एयरो बाइक देखते राष्ट्रपति व राज्यपाल। (फाइल फोटो)

## बीबीएयू में खुद राष्ट्रपति ने की थी बाइक की तारीफ